# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 14.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 14.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में महाकुंम्भ 2025 प्रयागराज को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा बार्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेंकिग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 14.12.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । परेड निरीक्षण के दौरान अधि0/कर्मचारीगण का टर्न आउट चेक किया गया तथा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं आवश्यक सुधार हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन्स परिसर का भ्रमण कर आरक्षी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय का निरीक्षण किया गया। क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली गयी साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया गया ।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकमल ,प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरनप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकमल की उपस्थिति में महाकुंभ मेला 2025 प्रयागराज के दृष्टिगत रामघाट , निर्मोही अखाड़ा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया एवं ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया।

भ्रमण के दौरान अधिशासी अधिकारी कर्वी श्री लालजीत यादव, प्रभारी सीतापुर श्री अनिल गुप्ता एवं पीआरओ श्री प्रदीप पाल उपस्थित रहे।

**(5).** आज दिनाँक 14.02.2025 को समय 07.20 बजे टाटा मैजिक वैन नम्बर UP 96 T 0515 में बैठे 06 छात्र/छात्राओं को जारो माफी मारकुण्डी के पास ट्रक नम्बर UP 70 CT 9110 जो सतना से सीमेंट लोड कर राजापुर जा रहा था उपरोक्त ट्रक द्वारा जारो माफी के पास वैन में टक्कर मार दिया, जिससे वैन पलट गयी जिसमें सवार गणेश ,विकास, कुमारी निधि,रितेश,रंजन तथा शिवानी घायल हो गये। मानिकपुर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पुहंचकर घायलों का प्राथमिक उपचार सीएचसी मानिकपुर में कराया गया। जिसमें से घायल गणेश,विकास,निधि व रितेश को उचित इलाज हेतु जिला अस्पताल सोनेपुर कर्वी रेफर किया गया, तथा रंजन व शिवानी का उपचार सीएचसी मानिकपुर में हो रहा है। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा उनके उचित इलाज हेतु मौके पर मौजूद सीएमएस से वार्ता की गयी।

**(6).** आज दिनांक 14.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में महाकुंभ 2025 प्रयागराज, शब-ए-बारात त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रामघाट,निर्मोही अखाड़ा,यूपीटी तिराहा,बेडीपुलिया,टैम्पो स्टैण्ड,यूपी-एमपी बॉर्डर,धनुष चौराहा,पटेल तिराहा,बस स्टैण्ड एवं मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के आस पास भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी ।

**(7).**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार एवं पैरोकार

आरक्षी संजीव कुमार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री पीयूष कुमार द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) श्रीमती शैफाली यादव द्वारा आज दिनाँक 14.02.2025 को थाना राजापुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 674/2009 धारा 379,411 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त 1.मनीष सोनी पुत्र सुरेश सोनी 2.राजेश उर्फ राजकुमार आरख पुत्र सिद्धगोपाल निवासीगण खटवारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 4000-4000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**संक्षिप्त विवरण-**

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 21.05.2009 को वादी श्री लव सिंह पुत्र भूवन भाष्कर सिंह निवासी नांदिन कुर्मियान थाना राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा सूचना दी कि UP 96 A 0660 मोटर साइकिल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेना इस सूचना पर थाना राजापुर में मु0अ0सं0 674/2009 धारा 379 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना तत्कालीन उ0नि0 श्री जे0एन0शुक्ला द्वारा की गयी वाहन उपरोक्त की बरामदगी करते हुए आरोपी अभियुक्त मनीष सोनी व राजेश उर्फ राजकुमार को दिनाँक 24.05.2009 को गिरफ्तार किया एवं दिनाँक 27.05.2009 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया था।

(8). जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा महाकुंभ 2025 प्रयागराज मेले को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत रामघाट,निर्मोही अखाड़ा,यूपीटी तिराहा एवं बेड़ीपुलिया का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान व बेड़ीपुलिया से कर्वी तक यातायात व्यवस्था को देखते हुए निरीक्षण किया गया एवं मेले में लगे सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि किसी प्रकार की समस्या श्रद्धालुओं को नहीं होनी चाहिए। जनपद में यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया तथा अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई बनी रहनी चाहिए। सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को भी निर्देशित किया कि अपनी-अपनी ड्यूटी प्वॉइन्ट पर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी का निर्वहन करें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि रात्रि में लाइट निर्वाध रूप से आपूर्ति होनी चाहिए तथा सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि मंदाकिनी नदी में बैरिकेडिंग के साथ ही साथ ड्यूटी पर मौजूद कर्मियों को बताया गये गहरे पानी में जाने वाले श्रद्धालुओं को रोके तथा बैरिकेडिंग के अन्दर ही स्नान करने हेतु बताये। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात के सम्बन्ध में बताया गया कि जनपद प्रयागराज जाने वाले राजापुर कौशाम्बी व मुर्का बॉर्डर बरगढ़ से लेकर मेला क्षेत्र चित्रकूट तक 24 घंटे लगातार पुलिस ड्यूटी का निर्वहन किया जा रहा है।